Civil Services (Main) Examination, 2024

**PHKM–U–ECO**

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

ग्राफ/विशदीकरण जहाँ जरूरी हो, प्रश्न के साथ ही उत्तर देने के लिए निर्दिष्ट जगह पर ही अंकन करना/देना है।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# ECONOMICS (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Graphs/Illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) एक एकाधिकारात्मक प्रतियोगी बाज़ार में अनुभव किए गए माँग वक्र तथा आनुपातिक माँग वक्र में भेद कीजिए। समझाइए कि अनुभव किए गए माँग वक्र की तुलना में आनुपातिक माँग वक्र क्यों तीव्र ढलान वाला होता है।
Differentiate between perceived demand curve and proportional demand curve in a monopolistic competitive market. Explain why the proportional demand curve is steeper than the perceived demand curve.

(b) प्रतिष्ठित विरोधाभास की घटना की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।
Discuss critically the phenomenon of classical dichotomy.

(c) सिद्ध कीजिए कि एक फर्म के दृष्टिकोण से समान स्तर की कर-आय को उत्पन्न करने हेतु विशिष्ट बिक्री कर की तुलना में मूल्यानुसार कर को अधिक प्राथमिकता दी जाती है।
Show that ad valorem tax is preferable to specific sales tax from a firm's point of view in generating the same level of tax revenue.

(d) मुद्रा की पूर्ति को नियन्त्रित करने में राजकोषीय बिल की भूमिका का परीक्षण कीजिए।
Examine the role of treasury bills in controlling money supply.

(e) ब्याज के नव-प्रतिष्ठित ऋण-योग्य निधि सिद्धान्त की प्रमुख मान्यताओं का विवरण दीजिए।
Write down the major assumptions behind Neoclassical Loanable Funds Theory of Interest.

2. (a) उत्पादन में दो वस्तु-दो साधन-दो उत्पादकों के ढाँचे के अन्तर्गत पैरेटो इष्टतमता की शर्तों को व्युत्पन्न कीजिए। सिद्ध कीजिए कि पैरेटो इष्टतमता आवश्यक रूप से समानता का आश्वासन नहीं देती है।
Derive Pareto optimality conditions in production in a two commodities-two factors-two producers framework. Show that Pareto optimality does not necessarily guarantee for equity. 10+10=20

(b) मार्शल और वालरस के बाज़ार की स्थिरता के दृष्टिकोण में प्रयुक्त व्यवहार-सम्बन्धी मान्यताओं को लिखिए। स्पष्ट कीजिए कि ये दोनों दृष्टिकोण उस समय परस्पर विरोधी हो जाते हैं जब माँग व पूर्ति दोनों वक्रों का ढाल सकारात्मक होता है।
Write down the behavioural assumptions used in Marshallian and Walrasian approaches of market stability. Show that these two approaches become conflicting when both the demand and supply curves are positively sloped. 8+7=15

(c) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता के अन्तर्गत एक फर्म के अल्पकालीन व दीर्घकालीन सन्तुलन का वर्णन कीजिए।
Describe the short-run and long-run equilibrium of a firm under monopolistic competition. 15

3. (a) रेखाचित्र के उदाहरण से अल्प-रोजगार सन्तुलन की अवधारणा को समझाइए। कीन्स के दृष्टिकोण से पूर्ण रोजगार को स्वतः क्यों नहीं प्राप्त किया जा सकता है? विश्लेषण कीजिए।

Explain the concept of underemployment equilibrium with graphical illustration. Why full employment cannot be reached automatically in Keynes' approach? Analyse. 10+10=20

(b) नीचे दी हुई सूचनाओं के आधार पर सन्तुलित राष्ट्रीय आय ($Y$) तथा ब्याज दर ($r$) की गणना एक समुचित व्यापक आर्थिक मॉडल के उपयोग द्वारा कीजिए :

सकल बचत फलन : $s = -40 + 0 \cdot 5(Y - T) + 0 \cdot 25r$

कर फलन : $T = 20 + 0 \cdot 2Y$

निवेश फलन : $I = 20 - 0 \cdot 25r$

मुद्रा माँग फलन : $L = 0 \cdot 4Y - 0 \cdot 5r$

सकल मुद्रा पूर्ति : $M = 40$ (करोड़ रुपये)

जब मुद्रा की पूर्ति को ₹ 20 करोड़ बढ़ाया जाएगा, तब सन्तुलन मूल्यों में किस प्रकार परिवर्तन होगा?

Calculate the equilibrium national income ($Y$) and interest rate ($r$) by using an appropriate macroeconomic model from the information given below :

Aggregate saving function : $s = -40 + 0 \cdot 5(Y - T) + 0 \cdot 25r$

Tax function : $T = 20 + 0 \cdot 2Y$

Investment function : $I = 20 - 0 \cdot 25r$

Money demand function : $L = 0 \cdot 4Y - 0 \cdot 5r$

Aggregate money supply : $M = 40$ (rupees in crore)

How will the equilibrium values change when money supply is increased by ₹ 20 crore? 10+5=15

(c) ब्याज के प्रतिष्ठित सिद्धान्त का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyse classical theory of interest. 15

4. (a) व्यापारिक बैंकों द्वारा साख सृजन के तन्त्र तथा गुणक प्रभाव पर इसके निहितार्थों का वर्णन कीजिए। कुछ सीमाओं का भी विश्लेषण कीजिए जो गुणक प्रभाव के निहितार्थों को हानि पहुँचा सकती हैं।

Describe the mechanism of credit creation by commercial banks and its implications on multiplier effect. Analyse some of the limitations that can jeopardise the implications on multiplier effect. 10+10=20

(b) सार्वजनिक व निजी वस्तुओं में भेद कीजिए। सार्वजनिक वस्तुओं के सन्दर्भ में कैसे बाज़ार की असफलता उत्पन्न होती है, व्याख्या कीजिए।

Distinguish between public goods and private goods. Explain how market failure occurs in the case of public goods. 7+8=15

*(c)* मुद्रा के परिमाण सिद्धान्त के अन्तर्गत फिशर के सिद्धान्त तथा केम्ब्रिज के नकद शेष दृष्टिकोण में क्या अन्तर है? प्रत्येक दृष्टिकोण की क्या आलोचना की गई है? वर्तमान सन्दर्भ में कौन-सा दृष्टिकोण अधिक प्रासंगिक है? औचित्य सिद्ध कीजिए।

What is the difference between Fisher's theory and Cambridge cash balance approach to quantity theory of money? What is the criticism of each? Which one is more relevant in present context? Justify. 8+4+3=15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* विकास के सन्दर्भ में 'प्रति व्यक्ति' जी० डी० पी० एक अपरिष्कृत सूचक है। आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

Critically examine 'per capita' GDP as a crude indicator of development.

*(b)* विनिमय दर के प्रबन्धित चल तथा निष्फल हस्तक्षेपों को समझाइए।

Explain managed floating and sterilized interventions for exchange rate.

*(c)* कार्बन व्यापार किस प्रकार पर्यावरण अवनयन को कम करने में सहायक होता है? विवेचना कीजिए।

Discuss how carbon trading is helpful in reducing environmental degradation.

*(d)* "उच्च प्रशुल्क रोजगार में वृद्धि न करके मात्र बेरोजगारों का पुनर्वितरण करते हैं।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? समझाइए।

"Higher tariffs do not increase employment, they just redistribute the unemployed." Do you agree with the statement? Explain.

*(e)* समझाइए कि किस प्रकार व्यापार के भागीदारों के लिए अर्पण वक्रों की सहायता से संतुलित व्यापार की शर्तें तय होती हैं।

Explain how the equilibrium terms of trade are determined by using offer curves of the trading partners.

**6.** *(a)* भुगतान शेष में समायोजन के लोच दृष्टिकोण तथा अवशोषण दृष्टिकोण का वर्णन कीजिए।

Discuss the elasticity approach and absorption approach for adjustments in balance of payments. 20

*(b)* स्टोलपर-सैम्युएलसन सिद्धान्त की सहायता से विकासशील देशों की आय की असमानताओं पर पड़ने वाले मुक्त व्यापार के सम्भावित प्रभावों की चर्चा कीजिए।

By using Stolper-Samuelson theorem, discuss the possible effects of free trade on income inequalities in developing countries. 15

*(c)* समझाइए कि किस प्रकार विदेशी विनिमय की माँग की लोच, आयातों की घरेलू माँग की लोच तथा आयात प्रतियोगी उत्पादों की घरेलू पूर्ति की लोच से प्रभावित होती है।

Explain how the elasticity of demand for foreign exchange is influenced by the elasticity of home demand for imports and by the elasticity of home supply of import-competing goods. 15

7. *(a)* समझाइए कि लेविस के आर्थिक विकास के सिद्धान्त के अनुसार आधिक्य श्रम द्वारा अर्थव्यवस्था में किस प्रकार संरचनात्मक रूपान्तरण होता है।

Explain how the structural transformation, in the economy, takes place with surplus labour as per Lewis theory of economic development. 20

*(b)* आर्थिक विकास में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के लाभ व हानियाँ क्या हैं? सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल की सफलता की मुख्य पूर्व आवश्यकताएँ क्या हैं? उदाहरण के साथ व्याख्या कीजिए।

What are the advantages and disadvantages of public-private partnership model for economic development? What are the key prerequisites for success of PPP model? Explain giving examples. 10+5=15

*(c)* विकासशील देशों के लिए आयात प्रतिस्थापन तथा निर्यात संवर्धन की रणनीति के वाद-विवाद के मुद्दों (पक्ष-विपक्ष) की विवेचना कीजिए। आप किस रणनीति का समर्थन करेंगे और क्यों? समझाइए।

Discuss the issues (pros and cons) in the debate over import substitution and export promotion strategy for developing countries. Which strategy would you favour and why? Explain. 10+5=15

8. *(a)* संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू० एन० डी० पी०) के मानव विकास सूचकांक (एच० डी० आइ०) के मुख्य अवयवों का वर्णन कीजिए। इस सूचकांक की प्राविधिक (क्रिया-पद्धति की) सीमाओं को लिखिए। इन सीमाओं को दूर करने के लिए उपयुक्त प्रविधि का सुझाव दीजिए।

Describe the major components used in Human Development Index (HDI) by the United Nations Development Programme (UNDP). Write down the methodological limitations of this index. Suggest appropriate method to eliminate these limitations. 10+5+5=20

*(b)* असमानता व आर्थिक वृद्धि के मध्य सम्बन्ध का वर्णन करने के लिए कुज़्नेट्स के उल्टे 'U' आकार के वक्र की परिकल्पना का वर्णन कीजिए। विकासशील देशों के लिए यह परिकल्पना किस प्रकार लाभकारी है?

Discuss the inverted 'U' shaped hypothesis by Kuznets in describing the relationship between inequality and economic growth. How is this hypothesis useful for developing countries? 10+5=15

*(c)* विकास की अपेक्षित दर तथा प्राकृतिक दर में अन्तर कीजिए। समझाइए कि किस प्रकार हैरोड के आर्थिक वृद्धि के मॉडल में चाकू की धार अस्थिरता की समस्या उत्पन्न होती है।

Distinguish between warranted rate of growth and natural rate of growth. Explain how knife-edge instability problem occurs in Harrod's model of economic growth. 10+5=15

★★★